भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 345

02 दिसम्बर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: एमआईडीएच के अंतर्गत स्वच्छ पौध कार्यक्रम

345. श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत स्वच्छ पौध कार्यक्रम (सीपीपी) को स्वीकृति प्रदान की है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता, विषाणु मुक्त रोपण सामग्री प्रदान करना और देश भर में 9 विश्व स्तरीय स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित करना है;

(ग) क्या मध्य प्रदेश में ऐसा एक केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में इस कार्यक्रम को अन्य राज्यों में विस्तारित करने का है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): जी, हाँ।

(ख): जी, हाँ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उच्च-गुणवत्ता वाली, विषाणु-मुक्त रोपण सामग्री उपलब्ध कराना और देश भर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के फसल-विशिष्ट बागवानी संस्थानों में नौ विश्वस्तरीय स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित करना है। विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	**आईसीएआर संस्थान**	**स्थान**	**प्रस्तावित लक्षित फसलें**
1	राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र (एनआरसीजी)	पुणे, महाराष्ट्र	अंगूर
2	भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर)	बेंगलुरु, कर्नाटक	आम, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो

3	केंद्रीय नींबू वर्गीय फल अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई)	नागपुर, महाराष्ट्र	नींबू वर्गीय फल
4	केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच)	मुक्तेश्वर, उत्तराखंड	सेब, बादाम, अखरोट, बेरीज, अन्य शीतोष्ण फल
5	राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र (एनआरसीपी))	सोलापुर, महाराष्ट्र	अनार
6	केंद्रीय उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान (सीआईटीएच)	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	आम, अमरूद, लीची
7	केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान (सीआईएएच)	बीकानेर, राजस्थान	नींबू वर्गीय फल
8	आईसीएआर - सीआईएसएच, क्षेत्रीय स्टेशन	मालदा, पश्चिम बंगाल	आम, अमरूद, लीची, एवोकाडो
9	केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच)	जम्मू और कश्मीर	सेब, बादाम, अखरोट, बेरीज़, अन्य शीतोष्ण फल

(ग) से (ङ.) : मध्य प्रदेश में स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित करने के लिए इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, सीपीपी कार्यक्रम देश भर के किसानों के लिए लाभकारी होगा और स्थापित किए जा रहे स्वच्छ पौध केंद्र मध्य प्रदेश सहित देश भर के विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। इस योजना में स्वच्छ पौध सामग्री के प्रसार और आपूर्ति के लिए बड़ी या मध्यम आकार की नर्सरियों की स्थापना का प्रावधान है, जिसमें मुख्य रूप से राज्यों में उगाई जाने वाली फसलों पर विशेष बल दिया जाएगा।

******